टीएसवीएस में मॉडल यूनाइटेड नेशन ट्रेनिंग

ट्रेनिंग सेशन के दौरान स्टूडेंट्स ने विविध विषयों को समझा और उस पर चर्चा की।

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

मॉडल यूनाइटेड नेशन ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन द संस्कार वैली स्कूल में कराया गया। इस तीन दिवसीय वर्कशॉप को डायस ग्रुप दिल्ली द्वारा आयोजित किया गया। इसमें कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के स्टूडेंट्स ने भाग लिया। स्टूडेंट्स को यूएन की अलग-अलग कमेटियों की तर्ज पर वैश्विक मुद्दों पर चर्चा के लिए बुलाया जाता है। इसमें उन्होंने एन्वायर्नमेंट के मुद्दे और पेरिस समझौते पर चर्चा की और इस पर अमेरिका के पीछे हट जाने के वैश्विक असर को लेकर अपने विचार रखे। इसी तरह गौ हत्या को लेकर स्टूडेंट्स ने अपना व्यू पॉइंट प्रस्तुत किया। इस तरह स्टूडेंट्स को वैश्विक विषयों की समझ से लेकर रिसर्च और एनालिसिस करने के अलावा उसका राजनैतिक समाधान और डिप्लोमेसी आदि स्किल्स सीखने को मिली।